हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 18 नवंबर 2025



# नागपुर से ट्रेन के जरिये विदेशी मदिरा की तस्करी, रसूखदार और अफसरों को सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीलगिरी पार्क स्थित गुरूकृपा अपार्टमेंट के एक फ्लैट में मिले लाखों रुपए की विदेशी शराब के मामले में आबकारी महकमे द्वारा की जा रही आरोपी से पूछताछ में कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। आरोपी ने इस बात को स्वीकार किया है कि वह नागपुर की एक वाईन शॉप से नामी ब्रांड के शराब और बियर की खरीदी कर उसे ट्रेन के जरिये यहां लाकर शहर के कई रसूखदारों और सरकारी अफसरों तक उसकी सप्लाई भी करता था। आरोपी के पास से मिले मोबाइल के जरिये आबकारी अमले ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ऐसी चर्चा है कि शहर के एक निजी होटल से भी इस अवैध कारोबार के तार जुड़े हुए हैं।

## निजी होटल से भी जुड़ रहे तार, आबकारी के साथ ही पुलिस महकमा भी कर रहा मामले की जांच

### पुलिस ने निकाला कॉल डिटेल

आबकारी अमले द्वारा की गई छापामार कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग ने भी अपने स्तर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि आरोपी से आबकारी अमले के अलावा अब पुलिस अफसरों द्वारा भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस की माने तो इस अवैध कारोबार के नेटवर्क की पतासाजी जाएगी। यही नहीं आरोपी के मोबाइल नंबर के जरिये भी पुलिस तह तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। आबकारी विभाग ने 34 2, 59 क के तहत अपराध कायम किया है।



### पूछताछ जारी

आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जिसमें कई जानकारी सामने आ रही है। मामले में जो भी संलिप्त होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- अभिषेक तिवारी
आबकारी अधिकारी

### 850 से अधिक बोतलें जब्त

आरोपी जितेन्द्र साहू के फ्लैट से आबकारी महकमे ने साढ़े आठ सौ से अधिक विदेशी शराब और बियर की बोतलें जब्त की है। देर रात तक चली इस कार्रवाई में अमले ने 683 नग केन बियर, 69 नग बोतल, 64 नग अद्धी, 27 नग पाव विदेशी मदिरा जब्त की गई है। यह सभी महाराष्ट्र राज्य की है। जिसकी अनुमानित कीमत पांच लाख रुपए आंकी गई है।

आबकारी अमले ने रविवार की शाम नीलगिरी पार्क स्थित गुरूकृपा अपार्टमेंट के एक फ्लैट में दबिश देकर लाखों रुपए की विदेशी मदिरा और बियर जब्त की है। इस मामले में आबकारी महकमे ने आरोपी जितेन्द्र साहू को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने आबकारी अफसरों को बताया कि पिछले कुछ सालों से वह यह काम कर रहा है। नागपुर की एक वाईन शॉप का नाम सामने आया है, जहां से आरोपी द्वारा विदेशी शराब और मदिरा की खरीदी कर उसे ट्रेन के जरिये यहां लाता था। सूत्रों ने बताया कि आरोपी के मोबाइल में शहर के कई रसूखदारों और अफसरों के मोबाइल नंबर मिले हैं। जिनके पास वह शराब की डिलीवरी करता था।

⏩ शेष पेज 11 पर

### चौखड़िया पारा में भंडारा आज

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक दुर्गा मंदिर अंबे धाम चौखड़ियापारा में कल 18 नवंबर को रात्रि 7 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने भक्तों से प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

# सर्वर की समस्या...खरीदी के बाद एंट्री ने सताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी के दूसरे दिन भी सर्वर की समस्या बरकारार रही। आलम यह रहा कि अधिकांश केंद्रों में किसानों से खरीदी के बाद भी कई मिनट तक एंट्री नहीं हो पाई। जिसके चलते कागज में ही रिकार्ड दर्ज कर बाद में एंट्री की गई। हालांकि पहले दिन सुस्त रही खरीदी में दूसरे दिन सोमवार को तेजी देखने को मिली।

अविभाजित जिले में सोमवार को लगभग साढ़े छह सौ किसानों से खरीदी की गई, जिन्होंने 30 हजार क्विंटल धान सरकार को बेचा। वहीं पहले दिन बोहनी नहीं कर पाए मोहला-मानपुर जिले में भी सोमवार से खरीदी शुरू हो गई है। इधर जिले में धान खरीदी की जमीनी स्थिति देखने के लिए प्रभारी सचिव चंपावत पहुंचे थे। उन्होंने आधा दर्जन से अधिक धान खरीदी केंद्रों का दौरा कर वहां की खरीदी प्रक्रिया देखी और फिर प्रभारियों को दिशा निर्देश भी जारी किए। हालांकि समिति प्रबंधकों के हड़ताल में बने रहने की वजह से कई केंद्रों में छोटी-मोटी दिक्कतें भी देखने को मिल रही है। वहीं प्रभारी बनाए गए अफसर भी नियमों को समझने में लगे हुए हैं।

## प्रभारी सचिव ने भी देखी धान खरीदी प्रक्रिया, दिए दिशा निर्देश

**खास बातें**

- मोहला मानपुर जिले में बोहनी, खरीदा 717 क्विंटल धान
- उठाव के लिए भी अनुबंध की प्रक्रिया जारी
- नए पुराने बारदाने से हो रही खरीदी



### समिति प्रबंधकों ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा

चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए कर्मियों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई किए जाने से नाराज सहकारी कर्मियों ने सोमवार को अपना सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। बताया गया कि संभाग स्तर पर जारी हड़ताल के दौरान सोमवार को प्रदेश के सभी संभाग में संगठन ने सामूहिक इस्तीफा सौंपने का काम किया। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक प्रतिनिधि मंडल से सचिव स्तर पर बातचीत का प्रयास भी सोमवार को किया गया है। जिसके बाद भी कोई हल अब तक नहीं निकल पाया है।

**एफआईआर की तैयारी:** इधर धान खरीदी में व्यवधान उत्पन्न करने वाले सहकारी कर्मियों के खिलाफ समितियों द्वारा एफआईआर कराए जाने की भी तैयारी शुरू हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सहकारिता विभाग की तरफ से समितियों को यह निर्देश दिए गए है कि खरीदी में व्यवधान करने वाले समिति प्रबंधकों के खिलाफ संबंधित थाने में आवेदन देकर एफआईआर कराया जाए। जिले में भी कई समिति प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो सकती है।

### अभी भी कई केंद्रों में बोहनी नहीं

भले ही दो दिनों में लगभग सात सौ किसानों से खरीदी कर ली गई हो, लेकिन अब भी अविभाजित जिले में तीन दर्जन से अधिक केंद्र ऐसे है, जहां बोहनी होना शेष है। आने वाले दो से तीन दिनों में इन केंद्रों में खरीदी होने की संभावना है। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले में 96, खैरागढ़ जिले में 51 और मोहला-मानपुर जिले में 27 केंद्र के जरिये खरीदी प्रक्रिया की जा रही है। इनमें राजनांदगांव जिले में अब तक 503 किसानों से 23523 क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 163 किसानों से 8659 क्विंटल और मोहला-मानपुर जिले में 20 किसानों से 717 क्विंट धान की खरीदी कर ली गई है। वहीं धान बेचने आ रहे किसानों से लिंकिंग के जरिये कर्ज वसूली भी की जा रही है। पौने दो करोड़ कर्ज वसूली भी कर ली गई है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## मनीलाड्रिंग केस के नाम से डरा-धमका कर 80 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



एक बुजुर्ग महिला को मनी लाड्रिंग का केस होने के नाम पर डरा-धमका कर अज्ञात लोगों ने लगभग 80 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी कर ली। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सनसिटी निवासी एक बुजर्ग प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 नवंबर को दोपहर एक अज्ञात लड़की ने उसे फोन कर बताई कि प्रार्थिया मनी लाड्रिंग में संलिप्त है और दो घंटे बाद मोबाइल बंद हो जाएगा। उसके बाद विजय खन्ना नामक व्यक्ति ने प्रार्थिया को फोन किया और बोला कि वह मुंबई थाणे से बोल रहा है। प्रार्थिया के खिलाफ मनी लाड्रिंग का केस है। मनी लाड्रिंग नरेश गोयल आपके आधार नंबर पर कर रहा है, आप भी संलिप्त हो बताने पर प्रार्थिया डर गई। अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया को कहा कि जज का खाता है, उसमें आपके सभी बैंका का पैसा जज को दिखाना है। आपके सभी बैंकों का पैसा आरटीजीएस के माध्यम से डालो, वह देखेगा, तब पता चलेगा कि प्रार्थिया मनी लाड्रिंग नहीं कर रही है तो उसे छोड़ देगा, बताते हुए जज का खाता है कहकर 6 नवंबर को उसे खाता नंबर दिया, जिस पर उस खाते में बैंक के माध्यम से 58,87,000 रुपए ट्रांसफर करवा दी।

### मामला दर्ज

अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों द्वारा उसे कहा गया कि जज देखेंगे और आपका पैसा पूरा वापस कर देंगे और जो नुकसान हुआ है, उसका भरपाई कर देंगे और 30 प्रतिशत और देंगे कहकर आरटीजीएस के माध्यम से उसके बैंक खातों से रुपए ट्रांसफर करा कर कुल 79,69,047 रुपए का अज्ञात मोबाइल धारकों द्वारा धोखाधड़ी किया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रात का तापमान 8 डिग्री पर, बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते अंचल का न्यूनतम पारा 8 डिग्री पर पहुंच गया है। यह सामान्य से लगभग चार डिग्री तक कम है। वहीं अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तापमान में किसी भी प्रकार के बदलाव की संभावना नहीं है। उसके बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक का इजाफा देखने को मिल सकता है। इधर बढ़ती ठंड का सीधा प्रभाव लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। गर्म कपड़ों की मांग में वृद्धि आने के साथ ही वायरल के मरीजों में भी इजाफा देखने को मिला है। रात के अलावा अलसुबह भी ठंड से बचने लोग अलाव का सहारा लेते हुए दिखाई देने लगे हैं। दो दिनों बाद ही ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना है।

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर | | 2. डोंगरगांव | 2 पद |
| 1. अंबागढ़ चौकी | 1 पद | 3. छुरिया | 2 पद |
| 2. चिचोला | 1 पद | 4. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |
| सेल्समेन | | मैकेनिक- | |
| 1. गंडई | 3 पद | 1. गंडई | 1 पद |

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, राजनांदगांव.
9977184777, 8120006476, 9827953976

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



## खबर संक्षेप

### सड़क तक फैली दुकानें

**डोंगरगढ़।** बाजार की सड़कों तक व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण करने और दुकानों का समानों को र फैलाकर रखने से आवागमन बाधित हो रहा है और लोगों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। व्यापारियों द्वारा दुकानो के सामने सड़क तक फैलाकर रखने से सड़क सकरी हो गई। सड़क पर आए दिन जाम लग रहा है। कई व्यपारियों ने सडक पर निर्माण कार्यकर कब्जा करना शुरू कर दिया है। सड़क कब्जा करने का सिलसिला दिनों दिन बढ़ते जा रहा है जिसकी अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं।

### कामदेव ने किया उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण



**सड़क अतरिया।** प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव सोमवार को विचारपुर, कुकुरमुड़ा अतरिया धान खरीदी केन्द्र पहुंच कर खरीदी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी एवं किसानों से चर्चा कर खरीदी में उपज रही समस्या से वाकिफ हुए। उन्होंने विभागिय अधिकारी से बात कर धान खरीदी में सरलता लाने की बात कही। ताकि किसानों को अपना धान बेचने में परेशानी का सामना करना न पड़े। उन्होंने किसानों को मानक धान बेचने के लिए लाने की सलाह दी। उन्होंने केन्द्र में किसानों के लिए पेयजल, छाया आदि की व्यवस्था दूरूस्त रखने कहा।

### विधिवत पूजन कर हड़ताल के बीच खरीदी प्रारंभ



**गंडई पंडरिया।** सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर से शुरू हो चुका है, जिसके तहत, 17 नवंबर सोमवार को गंडई नगर सहित क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में विधिवत रूप से धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। बता दे कि उद्घाटन ऐसे समय में हुआ है जब अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रबंधक और कर्मचारी पिछले 15 दिनों से हड़ताल पर हैं। इसके बावजूद, किसानों के हित को देखते हुए खरीदी केंद्रों पर कार्य प्रारंभ किया गया। गंडई समिति में पहले दिन 7 किसानों का टोकन कटा है, जिसकी खरीदी की जाएगी। समर्थन मूल्य धान खरीदी केंद्र गंडई में इस शुभ कार्य का उद्घाटन तुला पूजन कर किया गया। इस दौरान प्राधिकृत अधिकारी धरमू पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर और महिला मोर्चा से उमा चौबे उपस्थित रहीं। नेताओं की मौजूदगी में विधिवत पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया।

## 64.77 लाख के वित्तीय घोटाले पर प्रशासन ने लगाया विराम

# घोटाले की शिकायत, नपा ने 11 दुकानों की नीलामी निरस्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते दिनों नगर पालिका में दुकानों की नीलामी को लेकर सामने आए 64 लाख 77 हजार रुपए के बड़े वित्तीय घोटाले पर आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा। आरटीआई कार्यकर्ता आदित्य सिंह परिहार और विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की शिकायत के बाद नगर पालिका ने आनन-फानन में पूरी नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करते हुए आदेश जारी कर दिए। यह पहली बार है जब नपा ने किसी वित्तीय अनियमितता पर इतनी जल्द कार्रवाई की है। मणिकंचन केंद्र धरमपुरा के आठ और फतेह मैदान परिसर स्थित तीन दुकानो को मिलाकर 11 दुकानों को 14 अक्टूबर 2025 को नीलाम किया गया था। जारी आदेश में नीलामी अपरिहार्य कारणों से नियम-शर्त की कंडिका क्रमांक 04 के आधार पर निरस्त की जाती है।

## खुलासे के बाद गंभीर आरोपों ने नपा को घेरा

### नपा की कारगुजारी समझ से परे

दुकानों की नीलामी में पहले 1.48 करोड़ की बोली लगी थी, लेकिन रकम जमा न करने वाले बोलीकर्ताओं को भी दुबारा मौका देकर 2025 में दुकानों को आधे से भी कम कीमत पर बांट दिया गया। इससे नगर पालिका को 64.77 लाख रुपए का नुकसान हुआ। यह पूरा मामला उजागर होने के बाद जबरदस्त नाराजगी फैल गई थी। आरटीआई कार्यकर्ता आदित्य सिंह परिहार ने जिला कलेक्टर को विस्तृत शिकायत भेजकर नीलामी को रद्द करने, जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भी नगरीय प्रशासन विभाग रायपुर और संयुक्त संचालक दुर्ग को तुलनात्मक सूची सहित शिकायत भेजकर इस नीलामी को संगठित वित्तीय अनियमितता बताया था। खुलासे के बाद उठे सवालों और गंभीर आरोपों ने नगर पालिका प्रशासन को घेरे रखा वही राजनीतिक गलियारों तक नपा की कार्यशैली कठघरे में खड़ी हो गई। इसी दबाव ने नपा को नीलामी रद्द करने पर मजबूर किया। हालांकि नीलामी निरस्त कर दी गई है, लेकिन आदेश में न तो गड़बड़ी का उल्लेख है, न ही उन अधिकारियों या नीलामीकर्ताओं की भूमिका का जिक्र जिन्होंने नियमों को ताक पर रखकर दूसरी बार भी बोली लगवाई और सस्ते में दुकानें बांट ली।




### संगठित हुए अधिकारी जनप्रतिनिधि

नगरपालिका परिषद में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खेला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के निलंबन और स्थानांतरण के बावजूद कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है। अनुपयोगी सामानों की बोगस खरीदी के बाद ताजा मामला दुकानों की नीलामी में किए गए खेला का था जिसमें नपा ने अपने ही खजाने को करीब 65 लाख का नुकसान पहुंचाया। आरोप है कि यह सब कुछ पार्षद और पतियो के इशारे पर किया गया ताकि उनके रिश्तेदारों को सस्ती कीमत में दुकानें मिल सकें। इन सभी दुकानों की अंतिम बोली 1 करोड़ 48 लाख 42 हजार रुपए तक पहुंची थी, लेकिन तय समयसीमा में किसी भी अंतिम बोलीकर्ता ने राशि जमा नहीं की। नियमानुसार ऐसी स्थिति में इन्हें नीलामी प्रक्रिया से बाहर किया जाना चाहिए था परंतु जिम्मेदार अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया और उन्हीं लोगों को दुबारा नीलामी में शामिल कर दुबारा नीलामी की औपचारिकता सिर्फ कागज पर पूरी कर ली गई। इसमे वही पुराने बोलीकर्ता शामिल हुए, जिन्हें पिछली बार से लाखों रुपए कम दर में दुकानें दी गईं थी।

# धान खरीदी बाधित, चार समिति प्रबंधक निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष के लिए धान खरीदी कार्य को अत्यावश्यक सेवा घोषित करते हुए 15 नवंबर से 31 जनवरी 26 तक किसी भी कर्मचारी द्वारा कार्य से इंकार करने पर रोक लगा दी है। छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण व विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 की धारा 4-1ौर 4-2 के तहत जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। जिला प्रशासन ने जानकारी दी कि जिले के धान उपार्जन केंद्रों में पदस्थ 50 समिति प्रबंधक 15 नवंबर को ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुए इसे सरकारी आदेश का उल्लंघन और खरीदी प्रक्रिया में बाधा मानते हुए एसपी को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पत्र भेजा गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि धान खरीदी जैसे संवेदनशील कार्य में बाधा डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। धान खरीदी कार्य में लापरवाही और ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर इटार, डोकराभाठा, गाड़ाडीह और हनईबन के समिति प्रबंधकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन ने खरीदी व्यवस्था को सुचारू रखने और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है।

### नए केंद्र प्रभारी और ऑपरेटरों को प्रशिक्षण

खरीदी प्रक्रिया के सुचारू संपादन संचालन को लेकर जिला सभा कक्ष में 51 नए केंद्र प्रभारियों और 51 ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में धान खरीदी की प्रक्रिया, पोर्टल संचालन, माप-तौल, पारदर्शिता और किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश शामिल थे। प्रशिक्षण दौरान स्पष्ट कहा गया कि प्रशिक्षण के बाद भी कोई केंद्र प्रभारी या ऑपरेटर कार्य पर उपस्थित नहीं होता, तो उसके विरुद्ध भी एस्मा के तहत कार्रवाई की जाएगी। धान खरीदी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता है इसमे किसी भी प्रकार की बाधा, लापरवाही या असहयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंजोरा

दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग में 6 नवंबर से आयोजित प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी के दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन 15 नवंबर को हुआ। शिविर में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के तहत विभिन्न यूनिटों के 275 एनसीसी कैडेटों के अलावा अधिकारी- कर्मचारी सम्मिलित हुए। शिविर में कैडेटों को अनुशासन, देश सेवा, करियर, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अधिकारियों ने कैडेटों को सेना में भर्ती होने प्रोत्साहित किया। कैडेटों को साइबर अपराध की जानकारी दी गई। यातायात विभाग ने सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। एसडीआरएफ ने अग्नि, बाढ़ से सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर एनसीसी कैडेटों द्वारा छत्तीसगढ़ के संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में कैंप कमांडेंट कर्नल राहुल दुबे ने कैडेटों को विभिन्न इवेंट्स के लिए मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### पेज 11 का शेष

#### नागपुर से ट्रेन के जरिये...

बताया जाता है कि इन लोगों की मनपसंद शराब को यहां लाकर उसे बेचकर वह मुनाफा कमा रहा था। आबकारी विभाग ने मोबाइल नंबर के जरिये इन रसूखदारों और अफसरों की जानकारी भी जुटाना शुरू कर दिया है। सूत्रों की माने तो इस पूरे अवैध कारोबार में शहर के एक निजी होटल से भी तार जुड़ रहे हैं। आरोपी पहले इस होटल के बार में नौकरी भी करता था। ऐसी चर्चा है कि आबकारी विभाग शीघ्र ही इस मामले का पर्दाफाश करेगा।

# पोर्टल में आ रही दिक्कत, धान खरीदी हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दूसरे दिन भी धान उपार्जन केन्द्रों में अव्यवस्था का आलम रहा। क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों में दोपहर दो बजे के बाद ही धान की खरीदी शुरू हो पाई। जिसकी गति काफी धीमा होने से किसानों को देर शाम तक केन्द्र में रूकना पड़ा।

धान उपार्जन केन्द्र संड़ी में खरीदे के दूसरे दिन भी बोहनी नहीं हो पाई। केन्द्र में टोकन प्राप्त एक किसान तीन ट्रैक्टर ट्राली में 430 कट्टा धान लेकर पहुंचा था। खरीदी प्रभारी ने धान की गुणवत्ता को लेकर संशय जताया, तब अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर, खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक उक्त केन्द्र पहुंचे तथा विभागीय आकलन के मापक में धान को अमानक बताया तथा उक्त किसान का धान नहीं खरीदा गया। जिससे कृषक को अपना पूरा धान वापस ले जाना पड़ा। धान खरीदी कुकुरमुड़ा अतरिया में दोपहर 12 बजे तक केन्द्र में धान बेचने पहुंचे किसानों के वाहनों की कतार लगी थी।

बताया गया कि धान लेकर पहुंचे वाहनों को आनलाईन एंट्री होने के बाद ही वाहन को केन्द्र के अंदर आने की अनुमति मिलेगी। सुबह 9 बजे से किसान केन्द्र के बाहर खड़े थे, पर एप्स नहीं खुलने से एंट्री नहीं मिल पा रही थी। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल निरीक्षण करने केन्द्र पहुंचे तथा आ रही समस्या को दूर कराया फिर धान से भरे वाहन अंदर पहुंचे। कलेक्टर ने उपस्थित प्रभारी को धान खरीदी एवं व्यवस्था के लिए दिशा निर्देशित किया। यहां धान का तौल वजन तथा नमी को लेकर दिक्कत बनी रही। धान खरीदी विचारपुर में दोपहर तीन बजे तक धान खरीदी शुरू नहीं हो पाई थी। सोमवार को तीन किसानों ने टोकन लिया पर एक ही किसान धान लेकर पहुंचा था। जहां पोर्टल व एप्स में आ रही दिक्कत के कारण दोपहर धान खरीदी अटकी हुई थी।

### साफ सुथरा धान लाने की अपील

उपार्जन केन्द्रों के अध्यक्ष एवं प्रभारियों ने क्षेत्र के किसानों से धान साफ सुथरा एवं सुखाकर लाने की अपील किया है। बताया गया कि धान की नमी 14 से 17 के मध्य होने पर ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जायेगा। इससे कम या अधिक नमी होने पर अमानक श्रेणी में आयेगा। कुछ केन्द्रों में किसानों ने साफ सुथरा धान को लेकर विरोध जताते हुए कहा कि धान कटाई के समय लगातार हुई बारिश से धान की फसल पानी में डूबा तथा भीगती रही जिससे गुणवत्ता में कमी आ रही है। ऐसी स्थिति में बहुत से किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचने से चूक जायेंगे।

# ग्रामीणों का किया हुक्का-पानी बंद

■ पीड़ितों ने प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत रामटोला के एक परिवार को बहिष्कृत कर हुक्का-पानी बंद करने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार इन दिनों मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना झेल रहा है।

पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत एसडीएम और पुलिस प्रशासन से की है। एसडीएम ने मामले में जांच के निर्देश देते हुए न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। पीड़ितों में भागवत, उसके पुत्र हेमंत, पुत्रवधू ममता, बेटी लक्ष्मी और पत्नी प्रतिमा शामिल हैं। परिवार के अनुसार लखमा के जुड़वां कर्मा और महेश पिता ढेकरा आदिवासी निवासी रामटोला तथा गांव के ही कुछ लोगों के दबाव में बैठक कर हुक्का-पानी बंद करने, 50 हजार अर्थदंड एवं 1 लाख नकद जमा करने का निर्णय लिया गया था, जिसका पालन न करने पर हुक्का-पानी बंद करने की घोषणा कर दी गई है।

### काम करने से मनाही

परिवार वालों का कहना है कि मजदूरों को उनके घर में काम नहीं करने की हिदायत दी गई है। दुकानों से सामान देने पर रोक लगा दिया गया है। किसी भी ग्रामीण के मिलने या बोलने पर 5 हजार दंड का डर दिखाया जा रहा है। दुकानदार उन्हे सामान नहीं दे रहे हैं जिससे उन्हे दिक्कत हो रही है।

### समाधान के निर्देश

एसडीएम ने बताया कि शिकायत मिलने पर पेण्ड्री थाना पुलिस को समझाइश कर समाधान निकालने कहा गया है। मामले का शीघ्र उचित निराकरण किया जाएगा।

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर भव्य मशाल यात्रा



**छुईखदान।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर एक भव्य मशाल यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का प्रारंभ टिकरीपारा बड़ा मंगला भवन से शाम 7 बजे हुआ, जहां बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिक एकत्रित हुए। यात्रा उत्साह, जोश और राष्ट्रीय भावना के साथ जय स्तंभ चौक की ओर बढ़ी। यात्रा के समापन पर जय स्तंभ चौक में भगवान बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा दीप प्रज्वलन कर उनके संघर्ष, बलिदान और स्वतंत्रता के प्रति समर्पित जीवन को नमन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवक, जनजातीय समाज से जुड़े वरिष्ठजन, स्थायी कार्यकर्ता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा छुईखदान नगर के प्रमुख समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बिरसा मुंडा के आदर्शों को आज के युवाओं के लिए अनुकरणीय बताया और जनजातीय समाज के उत्थान, शिक्षा प्रसार तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में युवाओं की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिससे यह मशाल यात्रा एक सफल, ऊर्जावान और प्रेरणादायी आयोजन सिद्ध हुई।

## ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित

# सीजी पब्लिक स्कूल में आनंद मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



स्थानीय सीजी पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में गत दिवस आनंद बाल मेला का आयोजन किया गया। मेला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा अभिभावकों ने उत्साहवर्धन किया। बाल मेला का शुभारंभ उच्चतर माध्यमिक शाला की प्राचार्य

उमा हरिवंश ने किया। अध्यक्षता एजाज अली हाशमी ने की। विशिष्ट अतिथि डीसीबी बैंक के प्रबंधक कमलेश कुमार थे।

इस अवसर पर डीसीबी बैंक के सहयोग से ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 20 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। सभी बच्चों को बैंक की तरफ से कॉमन गिफ्ट तथा सर्टिफिकेट दिया गया। प्रतियोति के बालक वर्ग में आयुष साहू प्रथम, दक्ष जैन द्वितीय, बालिका वर्ग में दीपिका सोनकर प्रथम एवं सान्वी कागदेलवार द्वितीय रही।

बाल मेला में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के छात्र- छात्राओं ने भेल, गुपचुप, पापकॉर्न, कोलड्रिंक, चॉट, समोसा, कचौड़ी, दही कचौड़ी, स्वीट, सैंडविच, चॉकलेट सैंडविच, ढोकला, पेस्ट्री, फ्रुटी, माजा, कस्टर्ड, जूस, मैगी, पास्ता, कप केक, मोमोस, शेवपुरी, अप्पे, चना चरपटी, इटली, साबुदाना बड़ा, चाउमीन, छोले भटुरे, चाइनिश पकोड़ा, पुलाव, ब्रेड पकोड़ा आदि के स्टॉल लगाए थे।

# छुईखदान ने जो एहसान किया है, उसका कर्ज उतारना है : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मैं विधानसभा चुनाव हारा, मेरे पिता भी चुनाव हारे, परंतु छुईखदान नगर ने वोट के रूप में जो स्नेह और समर्थन मुझे और मेरे पिताजी को दिया, वह मेरे ऊपर एक क़र्ज़ है। मैं एक दिन इस क़र्ज़ को अवश्य उतारूंगा। यह उद्बोधन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने मंगल भवन में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिया। विक्रांत सिंह ने कहा कि खैरागढ़ यदि जिले का सिर है तो छुईखदान उसका दिल और गंडई उसकी आत्मा है। तीनों नगर और क्षेत्र की जनता मिलकर इस नए जिले को आदर्श जिले के रूप में स्थापित करेगी। तीनों नगरों का जो अधिकार है, वह उन्हें अवश्य मिलेगा। उन्होंने यह बातें पत्रकार संदीप महोबिया द्वारा छुईखदान में जिला कार्यालय स्थापित करने की मांग के संदर्भ में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता छोटे राजा देवराज किशोर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में घम्मन साहू, आयुष सिंह, संजय शर्मा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान, दीपक देशमुख, नीलम वैष्णव, संजय शर्मा, अंकित महोबिया, देवेश सोनी, दीनदयाल यदु, अनिल यादव, आलोक यादव, हेमंत वैष्णव, दीपक जैन, डॉ गिरेपुंजे, दीपक श्रीवास, शुभम विश्वास सहित नगरवासी और पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन पत्रकार संदीप महोबिया ने किया। समारोह का संचालन सुरेंद्र तिवारी ने किया और आभार प्रदर्शन पत्रकार सज्जाक खान ने किया।

# धान की दोहरी फसल पर रोक लगाने की मांग

■ पिछले साल सूख गए थे नदी-नाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मियों में होने वाले जल संकट को लेकर नागरिकों ने धान की दोहरी फसल पर रोक लगाने की मांग कर रहे है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने पिछले साल पैदा हुए भीषण जल संकट की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए धान की दोहरी फसल लेने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग कर रहे है।

गंडई के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, निवासी जैकी सिंघानिया, विवेक नामदेव, वार्ड 1 के पार्षद तामेश्वर साहू, वार्ड 15 के पार्षद दिलीप ओगरे सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष रबी सीजन में बड़े पैमाने पर धान की खेती के कारण भू-जल स्तर खतरनाक स्तर तक नीचे चला गया था। इसके परिणामस्वरूप नदी, नाले, और तालाब पूरी तरह से सूख गए थे। बोरवेल ने पानी देना बंद कर दिया था। लोगों को निस्तारी और पीने के पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा था। सभी का मानना है कि धान की दूसरी फसल लगाना किसानों के लिए भले ही आर्थिक रूप से लाभदायक हो, लेकिन यह पूरे क्षेत्र के लिए पानी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। यदि हम इस साल भी अत्यधिक पानी खर्च करेंगे, तो आने वाली गर्मियों में जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा।

### वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने दें मार्गदर्शन

लोगों ने प्रशासन से केवल रोक लगाने की मांग नहीं की है, बल्कि एक रचनात्मक समाधान भी सुझाया है। उनकी मांग है कि प्रशासन रबी सीजन में धान पर रोक लगाने के साथ-साथ कम पानी वाली वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहन और मार्गदर्शन दे। जैसे मुख्य रूप से दलहन, तिलहन और अन्य सब्जियां शामिल हैं, जिनके लिए धान की तुलना में कई गुना कम पानी की आवश्यकता होती है। गंडई क्षेत्र के निवासियों ने जिला कलेक्टर और कृषि विभाग से तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। उनकी मांग है कि क्षेत्रीय जल स्रोतों की सुरक्षा और भविष्य के जल संकट से बचने के लिए जल्द से जल्द धान की दोहरी फसल पर प्रतिबंध लगाने की आधिकारिक घोषणा किया जाना चाहिए।

### छात्राओं को योजना के तहत मिली साइकिल



**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सड़क अतरिया में सोमवार को छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार, सभापति डोमार सिंह भेड़िया सामिल हुए। कार्यक्रम में छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत कर योजना की साइकिल प्रदान किया गया। इस मौके पर श्रीमती ताम्रकार ने कहा कि यह योजना छात्राओं के आगे बढ़ने में मील का पत्थर साबित हुई है। साइकिल से दूरस्त गांव के छात्राओं को उच्च शिक्षा पाने में आसानी हो रही है। श्री जंघेल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि अब योजना से घर से स्कूल की दूरी कम हो गई है। छात्राएं भी साइकिल पाकर हर्ष जाहिर की। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष राधे मोहन वैष्णव, सरपंच सोनम लोमश वैष्णव, रतिराम जंघेल, वीरेन्द्र जंघेल, अश्वनी वैष्णव, मनोज जंघेल, संतोषी बाई, उमेश जंघेल, प्राचार्य खेमराज सिन्हा, कोमल नारायण वर्मा, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक एवं ग्रामीण सामिल हुए।

## सार समाचार

### सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**राजनांदगांव।** रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेड़ेसरा राजनांदगांव में बीएससी नर्सिंग कोर्स संचालित है। विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी नर्सिंग के वार्षिक परीक्षा जुलाई 2025 में संपन्न किया गया एवं बीएससी नर्सिंग षष्ठम सेमेस्टर का परिणाम 13 नवंबर 2025 को पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृती स्वस्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दिया गया है। इसमें रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेड़ेसरा राजनांदगांव में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग षष्ठम सेमेस्टर के छात्राओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय एवं शत-प्रतिशत रहा है। सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए। इसमें छात्रा कुमकुम साहू 77.05 प्रतिशत लेकर कक्षा में प्रथम एवं खेमिन देशमुख 77 प्रतिशत लेकर कक्षा में द्वितीय स्थान तथा ओमीन साहू 76.05 प्रतिशत लेकर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त की। छात्राओं ने परीक्षा परिणाम का श्रेय माता-पिता एवं संस्था प्राचार्य प्रो. डॉ. अरुणा पी. मसीह, उप प्राचार्य कमलकिशोर देशमुख एवं शिक्षकों को दिया।

### मनाया गया बाल दिवस



**राजनांदगांव।** रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेड़ेसरा राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. अरुणा पी. मसीह एवं उप प्राचार्य कमल किशोर देशमुख एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में 14 नवंबर को राष्ट्रीय बाल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने हर बच्चे के लिए हर अधिकार के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

### पेंशनरों का दीपावली मिलन समारोह आयोजित




**राजनांदगांव।** सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पेंशनर कर्मचारियों का दीपावली मिलन कार्यक्रम 8 नवंबर को बलरामदास टाउनहाल सभागृह में आयोजित किया गया। सभा का शुभारंभ डॉ. डीसी जैन की अध्यक्षता एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के मुख्य अतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में डॉ. जैन एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दुर्गाराम साहू व चंद्रिका प्रसाद सिन्हा पूर्व निगम सचिव से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देय भुगतान के बारे में आयुक्त को अवगत कराया। साथ ही निगम प्रशासन द्वारा संघ को भवन दिए जाने की जो प्रशासन द्वारा सैंद्धतिक स्वीकृति व सहमति दी गई है, आयुक्त को अवगत कराया गया। दीपावली मिलन समारोह की बैंठक में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने संघ के पेंशनर कर्मचारियों के बैठक के लिए एवं अन्य विशेष कार्य भविष्य में होने वाले बैठक के लिए निगम प्रशासन ने अपनी ओर से सहमति दी। आयुक्त द्वारा पेंशनर कर्मचारियों के भविष्य मे होने वाले कार्यक्रमों के लिए निर्णय देते बैठकों के संचालन एवं अन्य कार्य करने हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के हित के लिए निगम प्रशासन द्वारा अनुदान राशि दिलाए जाने तथा संघ के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अनुदान राशि दिलाए जाने की घोषणा निगम आयुक्त द्वारा की गई है। बैठक में डॉ. डीसी जैन, दुर्गाराम साहू, कपिलेश्वर प्रसाद साहू, महेन्द्र श्रीवास्तव, अजय यादव, उमाशंकर देवागंन, राजेश वर्मा, सेवाराम साहू, ललित साहू, खुमान लाल साहू, मन्नुलाल यादव, चमनलाल देवागंन, परसराम, गीताबाई तिवारी, पुसईबाई साहू, भागबती देवागंन, अनसुईया तिवारी, बाबूलाल गोंड एवं अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी की उपस्थिति रही।

### धान उपार्जन केन्द्रों के ऑपरेटरों को प्रशिक्षण



**राजनांदगांव।** जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान खरीदी के लिए आवश्यक तैयारियां करते धान खरीदी की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य विभाग एवं मार्कफेड के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के सभाकक्ष में धान खरीदी के लिए धान उपार्जन केन्द्रों के ऑपरेटरों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान सभी ऑपरेटरों को बताया गया कि धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता के लिए आधार आधारित बायोमैट्रिक खरीद प्रणाली लागू रहेगी। किसान स्वयं या उनके द्वारा पंजीकृत नामिनी के माध्यम से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा धान विक्रय करेंगे।

बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के विफल होने के संभावित स्थितियों के निकराकरण के लिए प्रत्येक खरीदी केन्द्र में कलेक्टर द्वारा ट्रस्टेड पर्सन रहेंगे। धान उपार्जन हेतु नए एवं पुराने बारदाने का उपयोग होगा। सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को धान खरीदी से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। धान खरीदी केन्द्रों में बायोमैट्रिक आधार सत्यापन एवं धान खरीदी की एंट्री की जाएगी। धान उपार्जन केन्द्रों में धान के बेहतर रख-रखाव, स्टेकिंग, उपार्जन केन्द्रों की संधारण व्यवस्था को सुगम बनाने के संबंध में बताया गया। इस अवसर पर बीआरसी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं अन्य ऑपरेटर उपस्थित रहे।

### बोरी में हुआ नीरज का स्वागत



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का भव्य स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती पर आयोजित अलंकरण समारोह में एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का महामहिम उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन तथा प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अन्य मंत्रीगण की उपस्थिति में दानवीर भामाशाह सम्मान से विभूषित किया गया।

यह सम्मान बाजपेयी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल निर्माण में सहयोग हेतु अपनी जमीन एप्रोच रोड निर्माण हेतु दान करने के साथ ही कोविड महामारी के समय एनबीआईएस बोरी स्कूल को कोविड इलाज हेतु अस्पताल में बदला गया था तथा बाजपेयी द्वारा संचालित स्कूलों में गरीब निहितार्थ बच्चों की फीस में भी यथासंभव छूट दी जाती है, इन्हीं उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों की सराहना करते श्री बाजपेयी को दानवीर भामाशाह सम्मान से विभूषित किया गया। सम्मान प्राप्ति के पश्चात बाजपेयी का प्रथम बार एनबीआईएस आगमन हुआ। एनबीआईएस शाला परिवार द्वारा प्राचार्य एकता गांधी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। श्री बाजपेयी द्वारा भामाशाह का परिचय देते अपने अनुभव को सभी से साझा किए। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, कार्यालय कर्मचारी व बच्चे उपस्थित रहे।

# यूनिटी मार्च: एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संदेश के साथ गूंजा वनांचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मोहला में आज ऐतिहासिक और भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन हुआ। लोकसभा सांसद राजनांदगांव संतोष पांडे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह की अगुवाई में विशाल एकता पदयात्रा छुरिया माता मंदिर मोहला से धोबेदंड तक निकाली गई। जिसमें नागरिकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी अपने हाथों में तिरंगा ध्वज थामे जब भारत माता की जय और सरदार पटेल अमर रहें के नारे लगाते हुए देश भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़े, तो पूरा मार्ग देशभक्ति और एकता के जोश से गूंज उठा।

## सरदार पटेल ने रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर रखी अखंड भारत की नींव

### गौरव और गर्व का क्षण: नम्रता

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने कहा कि आज हमारे लिए गर्व का क्षण है। सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज भारत एक सशक्त और अखंड राष्ट्र के रूप में खड़ा है। उन्होंने कहा कि हम सब का कर्तव्य है देश की अखंडता एवं सामाजिक समरसता को बनाए रखे। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं। देश भक्ति की मशाल जो आज जली है, उसे आगे तक लेकर जाएं और देश को आगे बढ़ाए।




### एकता यात्रा में दिखी जीवंत झांकी

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार माय भारत अंतर्गत यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। जिसमें भारत माता और सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवंत झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। वहीं स्कूली बच्चों ने तख्तियों के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत अखंड भारत के संदेश के साथ शिल्पकार सरदार पटेल को नमन किया। पदयात्रा में गणमान्य नागरिकों के साथ एनएसएस, एनसीसी, माय भारत वालंटियर्स, सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों के सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद राजनांदगांवसंतोष पांडे ने कहा कि आज हम सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने निस्वार्थ भाव से देश के लिए कार्य किया, यह उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है। हमारा देश धन संचय करने वालों का नहीं त्याग करने वालों का आदर करता है। आने वाली पीढ़ी सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रति कृतज्ञ रहें, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके नाम और उनकी जीवन व्याख्या पर यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने नागरिकों को स्वदेशी अपनाने, भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग और नशामुक्त समाज बनाने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई।

## धान की गुणवत्ता व तौल मशीन के माध्यम से धान तौलाई का अवलोकन

# प्रभारी सचिव ने जांची धान की नमी आधा दर्जन केंद्रों में देखी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत ने राजनांदगांव जिले के प्रवास के दौरान धान उपार्जन केन्द्र भर्रेगांव, सिंघोला, ढाबा, गठुला, पदुमतरा, डुमरडीहकला, रेंगाकठेरा, सुकुलदैहान, भानपुरी, मुसराकला एवं बेलगांव में धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया।

प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से चर्चा कर उनसे मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धान की गुणवत्ता, आद्र्रता मापी यंत्र से धान की नमी और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से धान तौलाई का अवलोकन किया।



### किसानों से ली जानकारी

किसानों ने बताया कि टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से किसान टोकन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने आद्र्रतामापी यंत्र के माध्यम से धान की नमी मापने के बाद धान की तौलाई, बारदाने की उपलब्धता, स्टेकिंग, भंडारण एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने धान उपार्जन केन्द्र ढाबा में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र का अवलोकन किया।

### सुविधाओं की पड़ताल

प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत ने कहा कि धान खरीदी के समय स्वच्छ, सूखा एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी होना चाहिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में मोटा, पतला, सरना धान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर्स, इंटरनेट क्नेक्टीविटी, श्रमिकों, भंडारण, पेयजल, प्रकाश सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सभी समितियों में फलैक्स के माध्यम से किसानों को धान खरीदी के समय की जानकारी दी गई है तथा किसानों को टोकन पर्ची, किसान पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं पंजीयन की प्रति लाने संबंधी सूचना चस्पा की गई है।

उन्होंने किसानों से ऑनलाइन टोकन, नापतौल, कोचियों एवं बिचौलियों के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है।

प्रभारी सचिव ने सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर को दिए गए प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की तकनीकी दिक्कत होने पर उसका त्वरित समाधान करें। किसानों ने उन्हें बताया कि इस बार राजनांदगांव जिले में बारिश अच्छी हुई है और धान की पैदावार भी अच्छी हुई है। धान उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक बढ़ेगी।

### आज रायपुर पहुंचेगी जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी

**राजनांदगांव।** एफआईएच जूनियर मेंस हॉकी वर्ल्ड कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई तमिलनाडु में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में हॉकी इंडिया नई दिल्ली द्वारा वर्ल्ड कप ट्रॉफी का देश के 16 राज्यों में भ्रमण कराया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी कल 18 नवंबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह दूसरा अवसर है, जब हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी रायपुर आ रही है। इससे पहले वर्ष 2023 में उड़ीसा में आयोजित वर्ल्ड कप के दौरान 24 दिसंबर 2022 को भी ट्रॉफी रायपुर लाई गई थी। महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि 18 नवंबर की सुबह 7.30 बजे ट्रॉफी स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेगी। एयरपोर्ट से ट्रॉफी को खिलाड़ी तथा खेल संघ के पदाधिकारी विशेष रैली के साथ सुबह 9.30 बजे उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरूण साव के आवास लेकर पहुंचेंगे। नया रायपुर स्थित नवीन आवास में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में अरूण साव उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात ट्रॉफी को छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन के मार्गदर्शन में विधानसभा सभा में आयोजित कार्यक्रम में ट्रॉफी का औपचारिक स्वागत एवं अनावरण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रीगण तथा विधायकगण किया जाएगा।

# 771 शालाओं में एफएलएन मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी 771 प्राथमिक शालाओं में फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमेरेसी (एफएलएन) मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की भाषा एवं गणितीय दक्षता को मजबूत करना और शिक्षा को खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से रोचक बनाना था। यह मेला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शुरू की गई निपुण भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसका लक्ष्य कक्षा तीसरी तक के सभी बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं गणन कौशल प्रदान करना है। स्कूलों में आयोजित इन मेले में बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक शामिल हुए।



फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमेरेसी (एफएलएन) मेला का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा की नींव को मजबूत करना है। यह मेला खासतौर पर कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है। जिसमें उनकी पढ़ने-लिखने एवं गणित समझने की क्षमता को बढ़ाने विभिन्न गतिविधियां करवाई जाती है। एफएलएन मेले की मुख्य विशेषता शिक्षा को रोचक एवं व्यवहारिक बनाने के लिए इंटरएक्टिव सत्र, खेल-खेल में गणितीय, भाषाई दक्षता का विकास, विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करना, बच्चों के लर्निंग आउटकम को सुधारने पर जोर देना है।

जिले की टीम द्वारा प्राथमिक शाला अर्जुनी, पीएमश्री सेजेस राजनांदगांव, प्राथमिक शाला तुमड़ीबोड़ एवं प्राथमिक शाला टेमरी का अवलोकन किया गया। स्कूलों में एफएलएन मेला अवलोकन के दौरान जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एपीसी पीआर झाड़े, एपीसी आदर्श वासनिक, भाषा विशेषज्ञ पूनम पटेल एवं गणित विशेषज्ञ सुष्मिता ठाकुर उपस्थित रहे।

# 'रोजगार के अवसर' विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा 14 नवंबर को प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके उके की अध्यक्षता में भारतीय निगमीय विधि के आधुनिक विकास में रोजगार के अवसर विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की प्राध्यापक सुमन कोचर द्वारा किया गया। व्याख्यान में सर्वप्रथम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उके द्वारा मुख्य वक्ता का परिचय देते उपरोक्त व्याख्यान की उपयोगिता से अवगत कराया गया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. गौरव शर्मा ने सर्वप्रथम विषय का परिचय देते उसकी उपयोगिता से अवगत कराया गया। व्याख्यान की अगली कड़ी में डॉ. शर्मा द्वारा करारोपण संबंधित जानकारी प्रदान करते इनडायरेक्ट टैक्स स्ट्रक्चर एक्ट 2017, जीएसटी एक्ट 2017, स्टेट जीएसटी एक्ट, टैक्स स्ट्रक्चर इन इंडिया आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। धन्यवाद ज्ञापन चित्रलेखा द्वारा किया गया।

# ट्रक का सामान कबाड़ी में बेचकर चालक फरार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कंटेनर ट्रक में लोड सामान को कबाड़ी में बेचकर कंटेनर को पेट्रोल पंप के पास छोड़ फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 13 नवंबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अक्टूबर को उसका ड्राईवर कमलेश शुक्ला द्वारा उसका कंटेनर को उड़िसा से कार्टून बाक्स वजन 7.350 टन भरकर 17 अक्टूबर तक नागपुर के केबी बोर्ड लिमिटेड में पहुंचाना था। 18 अक्टूबर को प्रार्थी के चाचा द्वारा उक्त ट्रक को राजनांदगांव के जेएम पेट्रोल पंप के पास खड़ी देखा, जो की खाली स्थिति में बिना ड्राईवरी के खड़ा था। आरोपी चालक द्वारा कंटेनर में लोड सामान को अन्य जगह बेचकर कंटेनर ट्रक को खड़ी कर भाग जाने की रिपोर्ट पर धारा 316(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कबाड़ी पर भी कार्रवाई

उक्त चोरी किए गए कार्टून बाक्स को धरसींवा जिला रायपुर के कबाड़ी दुकान में बेचकर उक्त खाली कंटेनर ट्रक को राजनांदगांव के जेएम पेट्रोल पंप में खड़ी कर भाग जाना बताया। पुलिस के अनुसार कबाड़ी दुकान संचालक अमित सायतोडे को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया। कमलेश शुक्ला से चोरी किए गए कार्टून बाक्स को खरीदना बताने पर दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया।

### धरसींवा में पकड़ाया आरोपी

इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश साहू के नेतृत्व में थाना लालबाग पुलिस द्वारा टीम गठित कर तकनीकी सहयोग से दिए गए लोकेशन के आधार पर आरोपी कमलेश शुक्ला को धरसींवा जिला रायपुर से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया।

# ओवर लोड वाहनों पर कार्रवाई का अभाव, हादसे को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



शहर में इन दिनों ओवर लोड वाहन बेधड़क दौड़ रहे हैं। इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने की वजह से वाहनों में नियम विपरीत माल भरा जा रहा है । जिससे कई बार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क दुर्घटनाओं की वजह बन रहे है।

इसी तरह शहर के गठुला क्षेत्र से प्रतिदिन ओवरब्रिज होकर एक ओवर लोड वाहन पुराना रेस्ट हाऊस रोड पर पहुंची है । इस डीआई वाहन को पहले नियम विपरीत डाले से 7-8 फीट ऊपर बनाया गया है। वहीं इसके ऊपर भी कई प्लास्टिक बोरियों में अलग से सामान लादा जाता है। यह वाहन आम राहगीरों के लिए खतरा है। खासकर ओवरब्रिज के मोड़ में वाहन पलटने की स्थिति में दिखता है। जिससे अगल-बगल के दो पहिया वाहन चालक कभी भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। इसके बावजूद इस पर यातायात विभाग कार्रवाई करने से कतरा रहा है।

### ठूंसे जा रहे स्कूली बच्चे

इधर यातायात विभाग द्वारा कार्रवाई के अभाव में ऑटो और ई-रिक्शों में भी क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है। स्कूली बच्चे ऑटो के पीछे तक लटककर जा रहा है। इन बच्चों के पैर बाहर रहते हैं। वहीं वाहन में दोनों ओर बैग लटका दिया जाता है। जिससे अन्य दो पहिया वाहन चालकों के साथ भी हादसे का खतरा बना हुआ है।

### डिवाईडर हो रहे क्षतिग्रस्त

शहर के चिखली ओवरब्रिज में डिवाईडर बन जाने से पहले ही सड़क सकरी हो गई है। वहीं ओवर लोड वाहनों की वजह जाम की स्थिति बन रही है। इसके अलावा ओवर लोड ट्रकें अनियंत्रित

### ट्रक ने बस को ठोंका, आधा दर्जन घायल

**राजनांदगांव।** नेशनल हाईवे में महाराजपुर के पास लापरवाही से भागती ट्रक ने बस को ठोकर मार दिया। जिससे बस में सवार लगभग आधा दर्जन लोगों को चोंटे आई, जिन्हें उपचार हेतु छुरिया चिकित्सालय ले जाया गया। दुर्घटना के वक्त यात्रियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे महाराजपुर के पास रात लगभग 8 बजे लापरवाही से भागती ट्रक ने सवारी लेकर जा रही बस को ठोकर मार दिया। जिससे बस में सवार यात्रियों में हायतौबा मच गई थी। **घायलों को भेजा अस्पताल-** पुलिस के अनुसार बस में सवार यात्रियों में लगभग 6 लोगों को चोंटे आई। वहीं ट्रक के कंडेक्टर को भी चोंट आया, जिन्हे छुरिया चिकित्सालय उपचार हेतु ले जाया गया। एक घायल को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।



## खबर संक्षेप

### बाजार चारभाठा में धान खरीदी का किया शुभारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम बाजार चारभाठा सेवा सहकारी समिति में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस धान खरीदी केन्द्र में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, जिला पंचायत प्रतिनिधि राजेंद्र साहू, जनपद सदस्य सभापति सुदर्शन कुंभकार, राघवेंद्र वर्मा, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गजाधर कौशिक, झामसिंह कौशक, गिरधर साहू, सरपंच शिवम कुंभकार, विश्राम विश्वकर्मा, सूरज कौशिक द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर धान खरीदी प्रारंभ किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार हुलेश्वर पटेल, ग्राम सेवक अरुण मानिकपुरी, पटवारी सूर्यकांत देवांगन सहित बड़ी संख्या में समस्त ग्रामवासी व ग्रामीण किसान गण उपस्थित थें।

### संस्कार पब्लिक स्कूल में बाल मेला आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड के ग्राम सेमरकोना में संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस बाल मेला कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व जवाहर लाल नेहरू के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन 14 नवंबर को खेलकूद का आयोजन किया और द्वितीय दिवस 15 नवंबर को बच्चों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का विक्रय किया गया तथा बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं संस्था प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई प्रेषित किया और बच्चों को ऐसे ही अपनी प्रतिभा को निखारते रहने का संदेश दिया।

### चिमरा स्कूल में एफएलएन व शिक्षा प्रद गतिविधियां बाल मेला संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय विद्यालय चिमरा मे बाल दिवस पर एफएलएन का शिक्षा प्रद बाल मेला में बच्चों को करके सीखने, अभिव्यक्त करने मेला के आयोजन किया गया। जिसमें पालको, सरपंच राजकुमारी बिसे भट्ट, विकास समिति अध्यक्ष रम्हन साहू, समस्त पंचगण, सहित अधिकाधिक संख्या में माताओ ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बलवाडी प्रभारी, कक्षा प्रभारी शिक्षिका ज्योति खरे ने सफलतापूर्वक मेला कार्यक्रम का संचालन करते हुए एफएलएन की कक्षा 1 से 3 बच्चों को सीखने-सिखाने के विभिन्न शिक्षाप्रद स्टॉल लगाकर पालको के समक्ष बच्चों ने सफलता पूर्ण प्रस्तुति दी। जिस पर शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने बाल विवाह रोकने सामूहिक शपथ दिलाई वहीं शिक्षिका नीलिमा तिवारी ने बच्चों को वंदे मातरम दिवस के राष्ट्रीय गान का स्वर-वाचन और मालती चंद्रवंशी ने राष्ट्रगीत के महत्व को चित्रित करते हुए राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम प्रभारी ज्योति खरे ने हिंदी व गणित विषय की विविध गतिविधियों पर कार्यशाला का आयोजन सफलता पूर्ण संचालन किया। ग्राम सरपंच ने कक्षा अनुरूप दक्षता प्राप्त समस्त कक्षाओं के अध्यापन करता शिक्षकों को गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत करने एवं कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों छात्राओं को दो हजार नगद पुरस्कार देने की घोषणा भी की। शैक्षणिक गतिविधियों का मेला पालकों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशंसा करते हुए प्राप्त स्कूल की उपलब्धियां पर आभार व्यक्त किया।

धान खरीदी व्यवस्था को मजबूत बनाने प्रशासन सक्रिय,समस्त व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कोठार खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा जिले में धान उपार्जन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को ग्राम कोठार स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया, बल्कि किसानों से सीधे संवाद स्थापित कर खरीदी प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति जानी। कलेक्टर श्री वर्मा ने किसानों से टोकन वितरण, बारदाना उपलब्धता, परिवहन व्यवस्था और धान की गुणवत्ता परीक्षण सहित अन्य व्यवस्था की जानकारी ली।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो और खरीदी प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा एवं नियमों के अनुसार ही संचालित हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं किसानों के साथ खड़े होकर धान की तुलाई में शामिल हुए और नाप-तौल की मशीनों की सटीकता की भी जांच की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों से समर्थन मूल्य पर पारदर्शी, समयबद्ध और सुचारु खरीदी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी की शुरुआत सुचारु रूप से हो चुकी है। किसान अपने धान का विक्रय बिना किसी बाधा के कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि आज जिले के 65 धान खरीदी केंद्रों में टोकन जारी किए जा चुके हैं और सभी पंजीकृत किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।



### किसानों से ली व्यवस्थाओं की प्रत्यक्ष जानकारी

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टोकन जारी करने से लेकर तौलाई और भंडारण तक, प्रत्येक चरण में पारदर्शिता और शुद्धता सुनिश्चित की जाए। खरीदी केंद्रों में पीने का पानी, छाया, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा से संबंधित सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने परिवहन व्यवस्था को भी मजबूत रखने के निर्देश दिए ताकि खरीदे गए धान का शीघ्र परिवहन गोदामों तक सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने उपस्थित किसानों को आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन किसानों के हित में सभी आवश्यक कदम उठा रहा है और जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को और अधिक सरल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाया जाएगा।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बाउंड्रीवॉल का अभाव व असुरक्षित

- ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा बाउंड्रीवॉल की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव




सैकड़ों मरीजों को उपचार देने वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बाउंड्रीवाल का अभाव है। बाउंड्रीवाल निर्माण कराने की मांग कई बार शिकवा-शिकायत की गई, लेकिन अभी तक निर्माण नहीं कराया गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड पंडरिया के ग्राम रूसे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत ग्राम जंगलपुर, प्रतापपुर, कारीमाटी, रूसे, कापा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए पहुंचे है, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसपास क्षेत्र में चर्चित है। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर पूरी तरह खुला पड़ा है, साथ ही बाउंड्रीवाल के अभाव में आवारा मवेशी एवं कुत्ते बिना किसी बेरोक-टोक के परिसर में प्रवेश कर जाते है। जिस पर ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाना अति आवश्यक हो गया है। वहीं शासन प्रशासन को जल्द से जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्रीवॉल किए जाने की मांग की गई ताकि स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षित रह सके।

### गोछिया स्कूल में बाल दिवस व आनंद मेला का आयोजन किया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों 15 नवम्बर को त्रिशा पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम गोछिया में बाल दिवस व आनंद मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों, पालकों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस आनंद मेला में बच्चों के द्वारा स्टॉल लगाकर क्रय-विक्रय करना सिखा साथ ही खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ में विजयी बच्चों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की शुभारंभ राम अवतार साहू, नोडल अधिकारी गोछिया के द्वारा सरस्वती पूजा अर्चना कर किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने कार्यक्रम का लुप्त उठाया साथ ही साथ में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक महेश जायसवाल, अश्वनी कौशिक, श्रीमती मोहिनी मानिकपुरी, श्रीमती सुषमा कौशिक, श्रीमती केश्वरी कौशिक, श्रीमती आकांक्षा कौशिक, सुश्री लुकेश्वरी कौशिक, दुर्गा कौशिक, कल्याणी वैष्णव, सोनल भट्ट और स्कूल सहायक मोरध्वज कौशिक, आदित्य कौशिक सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## रक्से स्कूल में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



- राष्ट्रीय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए छात्र का चयन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025-26 में विकास खंड सहसपुर लोहारा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रक्से के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और पूरे कवर्धा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। ग्राम धनौरा के छात्र योगेंद्र पटेल ने विकासखंड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी स्थानों पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के आधार पर अब उनका चयन राष्ट्रीय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए किया गया है, जो विद्यालय एवं जिले दोनों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। योगेंद्र का मॉडल अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और व्यवहारिक उपयोगिता के कारण विशेषज्ञों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। उन्होंने पानी की प्रत्येक बूंद की निगरानी, उपयोग एवं पुनः उपयोग के लिए प्रभावी तकनीक प्रस्तुत की, जिसे जजों ने अत्यंत नवाचारी और भविष्य-उन्मुख बताया। विद्यार्थी की इस अद्भुत सफलता पर विद्यालय परिवार ने अत्यधिक हर्ष व्यक्त किया है।

मार्गदर्शक शिक्षक ललित कुमार जंघेल ने बताया कि यह उपलब्धि योगेंद्र की मेहनत, जिज्ञासा और निरंतर सुधार की भावना का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने छात्र को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मंच पर चयन होना न केवल विद्यालय के लिए सम्मान है, बल्कि यह साबित करता है कि ग्रामीण क्षेत्र का एक छात्र भी पूरे देश में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर सकता है। योगेंद्र की यह सफलता निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार व अनुसंधान की दिशा में उन्हें प्रोत्साहित करेगी। यह उपलब्धि विद्यालय, धनौरा ग्राम एवं पूरे कवर्धा जिले के लिए गर्व का क्षण है।

# शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से सम्मानित हुए विजय कुमार लंझियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




विकासखंड सहसपुर लोहारा के शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव के प्रधान पाठक विजय कुमार लंझियाना को छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अंबिकापुर में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल सांस्कृतिक-पर्यटन एवं धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री, विशिष्ट अतिथि श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास विभाग एवं टी एस सिंहदेव पूर्व उपमुख्यमंत्री, सामाजिक कार्यकर्ता, एक्ट्रेस, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हुई हस्तियों, लेखकों, गायकों, कवियों गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में विजय कुमार लंझियाना को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

प्रधान पाठक विजय कुमार लंझियाना शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, कबाड़ से जुगाड़ शून्य निवेश नवाचार एवं टीएलएम सामग्री निर्माण एवं कक्षा में उपयोग बच्चों की शैक्षिक स्तर में सुधार, वृक्षारोपण , किचन गार्डन की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें बच्चों की सेवा के कार्यो को और अधिक उत्साह के साथ जारी रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के आयोजक छत्तीसगढ़ के पहरेदार प्रधान संपादक राजेंद्र जैन द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विजय का योगदान अत्यंत सराहनीय है। हम उनके उज्जवल भविष्य और निरंतर प्रगति की कामना करते हैं।

# बांटीपथरा स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एसबीआई संजीवनी टीम कबीरधाम द्वारा सोमवार को ग्राम बांटीपथरा के माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में स्वच्छ भारत कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों में स्वच्छता के महत्व को समझाने हेतु विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें शामिल रहे स्वच्छता एक्टिविटीज ने विद्यालय परिसर की सफाई, बच्चों ने स्कूल प्रांगण, कक्षाओं, खेल मैदान एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों को हाथ धोने की सही विधि पर लाइव प्रदर्शन कराया गया। नाखून एवं व्यक्तिगत स्वच्छता जांच के तहत बच्चों के नाखून, बाल एवं पहनावे की स्वच्छता की जांच कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।



वहीं सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता अपनाने और अपने परिवेश को स्वच्छ रखने की शपथ ली। साथ ही कचरा प्रबंधन जागरूकता के तहत वेस्ट को सूखा एवं गीला कचरा अलग करने के महत्व पर समझाइश दी गई। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वच्छता से जुड़े पोस्टर, चित्र एवं नारे बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। बच्चों को उनके मौलिक अधिकार के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वच्छता सामग्री जैसे साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, नेल कटर, हैंडवॉश आदि वितरित किए गए। साथ ही शारीरिक स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, पर्यावरण संरक्षण एवं रोग-निवारण संबंधित जानकारी भी विस्तारपूर्वक दी गई। इस अभियान में कुल 115 बच्चों एवं 4 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एसबीआई संजीवनी टीम कबीरधाम की यह पहल ग्राम में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने में एक सराहनीय कदम है।


### बिरसा मुंडा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनी



**हरिभूमि कवर्धा।** पंडरिया विकासखंड के अंतिम ग्राम पंचायत आगरपानी के बोहिल में गत दिनों 15 नंवबर को आस्था समिति ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जनजाति के लोक नायक का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव बिसराम, सरपंच जुगरा बैगा, उपसरपंच सुखी बैगा, पंच सुकर सिंह, कार्यकर्ता आस्था समिति उमेंश वर्मा, पंचगण व ग्रामवासी गण उपस्थित थें। सदस्यों द्वारा बताया कि बिरसा मुंडा के आरंभिक जीवन, आदीवासी विद्रोह के नायक के रूप में काम करते हुए, आदिवासी पुनरुत्थान का कार्य किया। उन्होंने 20 वर्ष के उम्र होते हुए भी आदिवासी अस्मिता, स्वायत्तता और संस्कृति को बचाने के लिए कार्य किया, उनके द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ महाविद्रोह उलगुलान किया गया। वह आदिवासी और खासकर मुंडा समाज की आंतरिक बुराइयों और कमजोरियों को दूर करने का सामूहिक अभिक्रम भी था। बिरसा ने मुंडा समाज को पुनर्गठित करने का जो प्रयास किया, वह अंग्रेज हुकूमत के लिए विकराल चुनौती बनी। बिरसा के नेतृत्व में आदिवासी समाज ने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दी। इस क्रम में बिरसा ने मुंडा जनजाति और पूरे आदिवासी समाज की उन सांस्कृतिक समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल की विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया।

फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों के मदद से आग पर काबू पाया गया

# गन्ना खेत में अज्ञात कारणों से लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

अज्ञात कारणों से गन्ने के खेत में लगी आग से किसान की लाखों रूपए की फसल जलकर खाक हो गई, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि ग्राम बीजाझोरी, बरबसपुर व घूकसा खार स्थित ग्राम बरबसपुर निवासी पदूम घोसले के घर पास गन्ने खेत पर अज्ञात कारणों से आग लग गया जिस पर बीजाझोरी के गांव वालों ने बूझाने का प्रयास किया। वहीं बीजाझोरी निवासी घनाराम यादव ने सीधा कबीरधाम कलेक्टर को विडियो भेजा, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करते हुए घनाराम को फोन लगाया, वहीं कलेक्टर ने मैसेज भेजा की मैं गाड़ी भेज दिया हूं और 10 मिनट के अंदर फायर ब्रिगेड गाड़ी व ग्रामीणों के मदद से आग बुझाने में काबू पाया गया। जिस पर ग्रामीणों कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा के निष्ठा कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गन्ना फसल में आग लगने का कारण अज्ञात है। वहीं गन्ना फसल में आग से किसानों को भारी नुकसान हुई है। बताया जाता है कि करोड़ों रुपए की तैयार फसल जलकर राख हो गई है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है।वहीं ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से आग से हुए नुकसान के लिए निर्धारित मुआवजे की मांग की गई।

# अभ्युदय स्कूल में बाल मेला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा में रविवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य और मनोरंजक बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसने बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने सभी के लिए दिन को यादगार बना दिया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, उत्साहपूर्ण गतिविधियों और बच्चों की खिलखिलाहट ने एक त्यौहार की तरह जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष सभा से हुई, जिसमें प्राचार्य एवं अकादमिक प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से चाचा नेहरू के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण शामिल हुए। पश्चात शिक्षकों ने बाल दिवस पर केंद्रित प्रेरणादायक मनोरंजक, नाटक प्रस्तुत किया, जिसने बच्चों को ज्ञान, उत्साह और आनंद से भर दिया। वहीं छात्र छात्राओं द्वारा स्टॉस में स्वादिष्ट डिशेज जैसे नाश्ता, फास्ट फूड, मिठाइयां और स्थानीय व्यंजन सबने खूब पसंद किए। जहां आइसक्रीम काउंटर पर वनीला, स्ट्रॉबेरी, चॉकलेट, कुल्फी और चोको-बार का मजा लिया, वही दूसरी तरफ फास्ट फूड स्टॉल पर पावभाजी, मंचूरियन, चाउमीन, मोमोज, पिज्जा और बर्गर सबसे ज्यादा हिट रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र का आधार हैं और ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मक सोच और सामाजिक कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। साथ ही अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा ने भी अपने संदेश में कहा कि बाल मेला बच्चों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा का मंच है, जहां वे आनंद, सहभागिता और आत्मविश्वास तीनों को एक साथ पाते हैं। दिनभर चले इस शानदार आयोजन ने बच्चों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार सभी के लिए अविस्मरणीय यादें छोड़ीं। अभ्युदय स्कूल का बाल मेला 2025 उत्साह, नवाचार और खुशियों का अनोखा संगम बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### ग्राम धनवाही में बांटे गए कंबल

कवर्धा। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में ग्राम धनवाही में रविवार को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत स्वास्थ्य शिविर एवं जनसंपर्क कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संचालन में आरआई पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और थाना प्रभारी तरेगांव आशीष कंसारी की सक्रिय भूमिका रही। शिविर में मोतियाबिंद जांच हेतु विशेषज्ञ टीम द्वारा ग्रामीणों की जांच की गई, जिसमें 60 से अधिक ग्रामीणों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक सहयोग गतिविधियों के तहत ग्राम के बुजुर्ग एवं जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरण किया गया।

# चिल्फी घाटी में पड़ रही कड़ाके की ठंड, सूर्योदय के पूर्व का नजारा मनमोहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फीघाटी

इन दिनो समूचे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आलम ये है कि शहरी क्षेत्रों में भी सुबह सूर्योदय के पूर्व और शाम को सूर्यास्त के बाद जबरदस्त ठंड महसूस कर रहे हैं। समझा जा सकता है कि जब शहरी क्षेत्रों में ठंड का ये हाल है तो जिले के वनांचल और पहाड़ी ईलाकों का क्या हाल होगा। जिले के मिनी शिमला कहे जाने वाले चिल्फीघाटी से निकलकर आ रही खबरों के मुताबिक यहां नवम्बर माह के मध्य से ही हड्डी गला देने वाली कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इन दिनो घाटी क्षेत्र में रात का न्यूनतम तापमान गिरकर 8-10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। ठंडी हवाओं और नमी के चलते खेतों, बाग-बगीचों और पत्तियों पर जमी ओस बर्फ के रूप में जमने लगी। सुबह-सुबह जब सूरज की हल्की किरणें घाटी में उतरने लगती हैं तो हर तरफ सफेद चमकती बूंदों का मनमोहक नजारा दिखाई देता है। पेड़ों की पत्तियों, घास, फूल और पैरावट पर ओस जमने से ऐसा प्रतीत होता है मानो पूरी घाटी वर्फ की चादर में लिपट गई हो। यहां बताना लाजिमी होगा कि मिनी शिमला कहे जाने वाले चिल्फीघाटी में हर साल सर्दी बढने के साथ ही कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिलती है और इस नजारे को देखने के लिए दूर-दूर यहां पहुंचते हैं। हालांकि इस बार ठंड जल्दी आ गई है। जबकि यह नजारा दिसंबर में ही दिखाई देता है। यहां की पहाड़ियों, झरनों और जंगलों के बीच सुबह के समय उठती धुंध और जमी हुई ओस लोगों को पहाड़ी प्रदेशों एहसास कराती है।



### मौसम ने बढ़ाई क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मौसम यहां की प्राकृतिक सुंदरता को और भी आकर्षक बना देता है। घाटी क्षेत्र में अब सुबह और देर शाम हाड़ कंपा देने वाली ठंड महसूस की जा रही है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से सुबह के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है और लोग अंगीठी और अलाव जलाकर खुद को गर्म रखने की कोशिश करते दिखते हैं। दिन के समय भी ठंडी हवाएं चल रही है जिसके कारण लोगों को दिन भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम के इस मिजाज को देखते हुए माना जा रहा है कि आने वाले दिनो में चिल्फीघाटी सहित जिले के वनांचल ईलाकों में ठंड और भी ज्यादा रौद्र रूप दिखाएगी।

**सौगात:** नालंदा परिसर लाइब्रेरी जिले के युवाओं के सपनों को साकार करने वाला ऐतिहासिक उपहार

# 250 सीटर, आधुनिक नालंदा लाइब्रेरी की डिप्टी सीएम शर्मा ने रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को कवर्धा जिले में शिक्षा और ज्ञान-संस्कृति को नई दिशा देने बहुप्रतीक्षित 4 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 250 सीट क्षमता वाली नालंदा परिसर लाइब्रेरी के निर्माण कार्य की नींव रखी। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया और इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जिले के युवाओं, प्रतियोगी परीक्षार्थियों, शोधार्थियों और पुस्तक प्रेमियों के लिए एक नया मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, विजय पटेल, मनीराम साहू, श्रीमती सतविंदर पाहूजा सहित समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा में नालंदा परिसर की स्थापना यहां के युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक सौगात और स्वर्णिम पल है। यह परिसर शिक्षा, ज्ञान और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि यह लाइब्रेरी 24 घंटे संचालित हो। परिसर को आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। यहाँ ऑडियो बुक, डिजिटल कॉर्नर, चैट जीपीटी सहित सभी एआई टूल्स के उपयोग के लिए अलग स्पेस तैयार किया जाएगा, ताकि युवा दिन-भर अध्ययन कर सकें और ज्ञान का लाभ लेकर अपना भविष्य संवार सकें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कवर्धा शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह माटी प्रतिभाओं से भरी है और यहाँ के बच्चे निरंतर प्रगति कर रहे हैं। जो बच्चे आगे बढ़ने के लिए मेहनत कर रहे हैं, वे प्रशंसा और बधाई के पात्र हैं। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि यदि भविष्य में प्रदेश में सबसे अधिक चयन होंगे, तो वह कवर्धा से ही होंगे, क्योंकि यहां के युवा परिश्रमी हैं।उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भारत की शिक्षा, संस्कृति का गौरव इतिहास काल से है। भारत में प्राचीन काल से नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालय रहे हैं। जब दुनिया पृथ्वी को चपटी मानती थी, तब भारत ज्ञान-विज्ञान में विश्व का मार्गदर्शक था। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय हमारी गौरवशाली धरोहर है। भारत की पुरातन ज्ञान परंपरा वेद, उपनिषद, भौतिक विज्ञान, गणित और खगोल विज्ञान, दुनिया में अद्वितीय रही है। आर्यभट्ट द्वारा सूर्य और गणितीय खोजें इसका प्रमाण हैं। यदि हम अपने इतिहास को समझेंगे, तो महसूस होगा कि भारत जैसा कहीं और कुछ नहीं है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि खेल एवं तैयारी के लिए नई सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की तैयारी को ध्यान में रखते हुए 3 किलोमीटर के दायरे में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया को बदलने की ताकत युवा ही रखते हैं, और इतिहास इसका प्रमाण है।



### नालंदा लाईब्रेरी की विशेषताएं

नालंदा परिसर लाइब्रेरी लगभग डेढ़ एकड़ शासकीय भूमि पर निर्मित होगी। यह लाइब्रेरी आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल संसाधनों और उन्नत अध्ययन माहौल से युक्त एक प्रमुख अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित की जाएगी। यहां 250 सीटों वाला पूर्णतः वातानुकूलित हॉल बनाया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह लाइब्रेरी कवर्धा ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रतियोगी शिक्षा का सशक्त केंद्र बनेगी। भवन के भूतल में 100 सीट क्षमता वाला रीडिंग हॉल, विद्युत कक्ष, कम्प्यूटर टेबल, पुस्तक भंडारण कक्ष, प्रवेश एवं प्रतीक्षा कक्ष, कार्यालय, लिफ्ट कक्ष और शौचालय का निर्माण होगा। इसी प्रकार प्रथम तल में 150 सीट क्षमता का रीडिंग हॉल, विद्युत कक्ष, कम्प्यूटर टेबल, लेक्चर रूम, ई-लॉबी, लिफ्ट रूम और शौचालय की सुविधा विकसित की जाएगी। यह नालंदा लाइब्रेरी जिले के युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाला अध्ययन वातावरण प्रदान करेगी और उन्हें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगी।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाला आरोपी नागपुर से गिरफ्तार



- पीड़िता की रपट पर स.लोहारा पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶स.लोहारा

इंस्टाग्राम पर समुदाय विशेष के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी करने और महिला की तस्वीर पर अशोभनीय शब्द लिखकर अपलोड करने वाले आरोपी को कबीरधाम पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी तक पहुंचने बड़ी सफलता हासिल की। थाना लोहारा क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मोबाइल नंबर 7058432636 वाले व्यक्ति ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी का पासवर्ड हासिल कर लिया और समाज के विरुद्ध भड़काऊ पोस्ट के साथ उसकी फोटो पर अभद्र टिप्पणी लिखकर अपलोड कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अपराध क्रमांक 209/25 धारा 296, 299, 352 बीएनएस तथा 65 आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन और निरंतर खोजबीन के आधार पर पुलिस टीम नागपुर पहुंची और आरोपी सागर बारा पात्रे 35 वर्ष, निवासी लकड़गंज, नागपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में इंस्टाग्राम आईडी का पासवर्ड प्राप्त कर अभद्र व भड़काऊ सामग्री अपलोड करने की बात स्वीकार की। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन भी जप्त किया गया है। आरोपी को विधिसंगत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय कवर्धा में पेश किया गया। पूरी कार्रवाई में एएसआई आशीष सिंह और प्रधान आरक्षक 381 शमशेर अली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बैरक-चिल्फी मार्ग पर सड़क हादसा मोटर सायकिल सवार पटवारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



रविवार की रात जिले के चिल्फी घाटी थाना क्षेत्र से सामने आए एक सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार पटवारी उत्तम सिंह राज की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि श्री सिंह की मोटर सायकल अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसा इतना भीषण था की मौके पर ही उनकी जान चली गई। घटना के बाद इसकी जानकारी राहगीरों ने चिल्फीघाटी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तम सिंह राज डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रोटोकॉल ड्यूटी पर तैनाती के लिए जा रहे थे। अंधेरे में बैरक से चिल्फी लौटते समय मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे नाले में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उनकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। लोगों को घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्तम सिंह राज के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। बताया जा रहा है कि उत्तम सिंह राज अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित और शांत स्वभाव के अधिकारी थे। डिप्टी सीएम के प्रोटोकॉल ड्यूटी पर उनकी नियुक्ति उसी रात के लिए की गई थी। राजस्व विभाग सहित पूरे इलाके में इस आकस्मिक निधन से शोक व्याप्त है। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।




# जिले के तीन समिति प्रबंधक किए गए बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कामकाज छोड़ अपनी मांगों को लेकर बीते कई दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के कर्मचारियों पर अब प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में 15 नवम्बर से कृषक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है लेकिन सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण कहीं न कहीं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रभावित हो रहा है और इसके लिए शासन-प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है।

**पेज 09 का शेष**

### नागपुर से ट्रेन के जरिये...

बताया जाता है कि इन लोगों की मनपसंद शराब को यहां लाकर उसे बेचकर वह मुनाफा कमा रहा था। आबकारी विभाग ने मोबाइल नंबर के जरिये इन रसूखदारों और अफसरों की जानकारी भी जुटाना शुरू कर दिया है। सूत्रों की माने तो इस पूरे अवैध कारोबार में शहर के एक निजी होटल से भी तार जुड़ रहे हैं। आरोपी पहले इस होटल के बार में नौकरी भी करता था। ऐसी चर्चा है कि आबकारी विभाग शीघ्र ही इस मामले का पर्दाफाश करेगा।

# जिला पुलिस प्रशासन ने वार्षिक चांदमारी अभ्यास का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम पुलिस की वार्षिक चांदमारी (फायरिंग अभ्यास) की शुरुआत की गई है। जिसमें जिले के समस्त पुलिस अधिकारी एवं जवान निर्धारित डिटेल के अनुसार प्रतिदिन फायरिंग अभ्यास में सम्मिलित हो रहे हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि वार्षिक चांदमारी पुलिस प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पुलिस बल की फायरिंग दक्षता, हथियार संचालन में प्रवीणता तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक पुलिसकर्मी का शारीरिक एवं तकनीकी रूप से सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। नियमित फायरिंग अभ्यास से न केवल निशानेबाजी कौशल का विकास होता है, बल्कि जवानों में आत्मविश्वास भी बढ़ता है। अतिरिक्त पुलिस पंकज पटेल ने फायरिंग अभ्यास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने, प्रत्येक हथियार की तकनीकी जांच, तथा अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में फायरिंग करवाने पर विशेष बल दिया। कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित यह वार्षिक चांदमारी अभ्यास आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें जिले के सभी थाना/चौकी एवं विशेष इकाइयों के पुलिसकर्मी शामिल होंगे। पुलिस विभाग का लक्ष्य है कि प्रत्येक जवान उत्कृष्ट प्रशिक्षण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूर्ण सक्षम रहे।



**उपमुख्यमंत्री ने बालवाड़ी राजाढार, तरैयाबहरा, बोथी, झलमला और शीतलपानी पहुंचे**

# उपमुख्यमंत्री ने वनांचल क्षेत्र का किया दौरा, क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बोड़ला विकासखंड के बैगा बाहुल्य सुदूर वनांचल क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों से भेंट कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री अपने सहज और सरल अंदाज में गांव वालों के बीच जमीन पर बैठकर उनसे खुलकर बातचीत करते नजर आए। ग्रामीणों ने भी अपने मुखिया को अपने बीच पाकर बिना झिझक अपनी मन की बातें उनके सामने रखीं।

अपने भ्रमण के दौरान वे ग्राम बालवाड़ी राजाढार, तरैयाबहरा, बोथी, झलमला एवं शीतलपानी पहुंचे, जहां उन्होंने जनचौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्रामीणजनों के बीच बैठकर उनकी मांगों एवं अपेक्षाओं की जानकारी प्राप्त करते रहे। उन्होंने प्रत्येक ग्राम में बुनियादी सुविधाओं, स्थानीय विकास कार्यों तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जनचौपाल में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणजनों से पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, स्कूल सुविधाएं, बिजली आपूर्ति, वनाधिकार तथा रोजगार संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। कई प्रकरणों का स्थल पर ही निराकरण किया गया और शेष मामलों को प्राथमिकता के साथ समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

### चिल्फी सर्किट हाउस में भी आयोजित जनचौपाल

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने चिल्फी सर्किट हाउस में भी जनचौपाल आयोजित कर विभिन्न ग्रामों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी आवेदनों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

### एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों को चुनाव आयोग द्वारा संचालित एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची के अद्यतन, सत्यापन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणजनों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की गलत जानकारी या अफवाहों से दूर रहें तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत बच्चों को कराया कानन पेंडारी का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला समग्र शिक्षा कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025 के तहत चारों विकासखंड के बच्चों को कानन पेंडारी, बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, पर्यावरण संरक्षण की समझ तथा प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देना था। भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। विशेष बसों के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित तरीके से भ्रमण के लिए रवाना किया गया। शैक्षणिक भ्रमण में जिले के चारों विकासखंडों से 200 छात्र-छात्राओं तथा उनके साथ आए शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, प्राकृतिक संसाधनों के महत्व तथा जैव विविधता से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। प्रत्यक्ष अवलोकन से बच्चों में जिज्ञासा, सीखने की क्षमता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहन मिला। भ्रमण कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक परियोजना समन्वयक राजू चंद्रवंशी, कार्यक्रम समन्वयक राकेश चंद्रवंशी, एपीसी राजेश कौशिक, कवर्धा बीआरसी केशलाल साहू तथा चारों विकासखंडों के बीआरपी विनोद पुरी गोस्वामी, नरेश कुमार सोनी, गायत्री प्रसाद साहू, होमबाई साहू एवं श्रीमती रेशमा मेश्राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समग्र शिक्षा के अंतर्गत इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास, वैज्ञानिक चिंतन एवं पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।